प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

21 जून 2021

2020-21 की चौथी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस मुख्य नगरों (जैसे, अहमदाबाद, बेंगलूरु, चेन्नै, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई) के आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तरीय आंकड़ों के आधार पर 2020-21 की चौथी तिमाही (Q4: 2020-21) के लिए आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[1] (आधारः 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और नगर-वार स्तर की समय-श्रृंखला एचपीआई आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics > RealSector > Price&Wages > Quarterly) पर उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु:

- अखिल भारतीय एचपीआई में (वर्ष-दर-वर्ष) 2020-21 की चौथी तिमाही में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक वर्ष पहले 3.9 प्रतिशत की वृद्धि थी; एचपीआई वृद्धि ने प्रमुख शहरों में 15.7 प्रतिशत (बेंगलुरु) की वृद्धि से (-) 3.6 प्रतिशत (जयपुर) के संकुचन में भारी भिन्नता दिखाई।
- क्रमिक (वर्ष-दर-वर्ष) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई विकास दर 2020-21 की चौथी तिमाही में कम होकर 0.2 प्रतिशत हो गई; दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और जयपुर में एचपीआई में क्रमिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि अन्य शहरों में इसमें वृद्धि हुई।

[1] सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में संकलित। एचपीआई के संकलन की पद्धति कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अक्टूबर 2014 के अंक में प्रकाशित आलेख आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14” (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx) में देखें।



(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/403